प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस. मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, S.B.S. Marg, Fort, Mumbai - 400 001
फोन/Phone: 022 - 2266 0502

23 जून 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने श्री वेंकट नागेश्वर चलसानी को श्रेई इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस लिमिटेड (एसआईएफएल) और श्रेई इक्विपमेंट फाइनेंस लिमिटेड (एसईएफएल) की सलाहकार समिति में एक सदस्य के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक ने दिनांक 11 अक्टूबर 2021 की प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान वित्तीय सेवा प्रदाताओं के संचालन में प्रशासक को सलाह देने हेतु दिवाला और शोधन अक्षमता (वित्तीय सेवा प्रदाताओं की दिवाला और परिसमापन कार्यवाही और न्यायनिर्णायक प्राधिकरण को आवेदन) नियम, 2019 के नियम 5 (सी) के अंतर्गत एक सलाहकार समिति का गठन किया था।

श्री आर. सुब्रमण्यकुमार के सलाहकार समिति से दिनांक 22 जून 2022 से प्रभावी त्यागपत्र के परिणामस्वरूप, श्री वेंकट नागेश्वर चलसानी को तत्काल प्रभाव से सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया गया है। सलाहकार समिति में अब निम्नलिखित सदस्य होंगे:

1. श्री वेंकट नागेश्वर चलसानी, भूतपूर्व उप प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक

2. श्री टी टी श्रीनिवासराघवन, भूतपूर्व प्रबंध निदेशक, सुंदरम फाइनेंस लिमिटेड

3. श्री फारुख एन सूबेदार, भूतपूर्व मुख्य परिचालन अधिकारी और कंपनी सचिव, टाटा संस लिमिटेड

सलाहकार समिति, कॉर्पोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया के दौरान एसआईएफ़एल और एसईएफ़एल के संचालन में प्रशासक को सलाह प्रदान करेगी।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2022-2023/412